Regarding attacks on Hindu Temple and God`s Idols in Bangladesh

श्री रुद्र नारायण पाणी (धेन्कानल) **:** महोदया, बंग्लादेश में हिंदु मंदिरों के ऊपर आक्रमण हुआ । जो चित्र प्रदर्शित हुआ है, उसमें महाप्रभु जगन्नाथ जी की प्रतिमा थी । महाप्रभु जगन्नाथ जी की प्रतिमा पर आक्रमण अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण, निंदनीय, अधार्मिक और दर्दनाक है । बंग्लादेश में इस प्रकार की घटना घटी है । राजनीति मतभेद के कारण वहां आंदोलन हो कर सरकार का तख्तापलट कर दिया गया है । लेकिन हिंदु मंदिर तोड़े जाने के कारण और मंशा क्या हैं? इस परिप्रेक्ष में जो समाचार प्रदर्शित या प्रसारित हुए हैं, इसमें जगन्नाथ महाप्रभु, बलभद्र महाप्रभु और सुभ्रदा देवी की मूर्तियों को तोड़े जाने का चित्र प्रदर्शित और प्रकाशित हुआ है । यह केवल ओडिशा के लोगों को ही नहीं, बल्कि समग्र जगत की जनता को दुखी किया है ।

संसद, सरकार, समग्र मानव समाज और देश इस गंभीर विषय पर विचार करें । दोषी को पकड़ कर उचित दण्ड दिए जाने हेतु सरकार बांग्लादेश के साथ वार्ता करें । हालांकि विदेश मंत्री जी ने कहा है कि हिंदू मंदिरों के ऊपर आक्रमण परेशानी की बात है । मैं समझता हूँ कि जगन्नाथ महाप्रभु सारे जगत के हैं ।? (व्यवधान) जय जगन्नाथ । आप भी दबाव डालिए ।

महोदया, कोलकाता व हावड़ा से जगन्नाथ पुरी तक लंबी कतार लगती है ।? (व्यवधान)